हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 2 जून 2026

14 गांव सदलपुर में पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे...



14 रोडवेज कर्मचारियों ने फूंका जीएम का पुतला



## खबर संक्षेप

### हत्या प्रयास में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अनाज मंडी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान भारत नगर निवासी रोहित और शिव नगर निवासी सागर के रूप में हुई है। आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल किए गए डंडे बरामद किए गए हैं। एएसआई सराजुद्दीन के अनुसार, यह मामला 23 दिसंबर को गौरव की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत के मुताबिक 22 दिसंबर की शाम को विवाद के बाद आरोपियों ने डंडों, गंडासी और हथियारों से हमला किया और हवाई फायरिंग भी की। मामले में पहले 7 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

### रेहड़ी की आड़ में बेच रहा था शराब, काबू

**हांसी।** किला बाजार चौकी पुलिस ने काला पत्थर मोहल्ले में कार्रवाई करते हुए अवैध देसी शराब के साथ सोनू नामक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी रेहड़ी की आड़ में शराब बेच रहा है। मौके पर तलाशी ली तो प्लास्टिक के कट्टों से 25 पव्वे और 6 बोतल देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर आरोपी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बुलेट चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए मील गेट की टीम ने बुलेट मोटरसाइकिल चोरी के पुराने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी ईश्वर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राजस्थान के भरतपुर जिले के फुटानी गांव का निवासी है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी हुई बुलेट मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली। यह मामला पिछले वर्ष 12 नवंबर को दर्ज हुआ था, जब बालसमंद निवासी विक्रम की मोटरसाइकिल ग्रीन स्क्वेयर मार्केट से चोरी हो गई थी। तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तारी हुई।

### बुलेट चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए टीम ने स्नैचिंग की वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर छीनी गई सोने की चेन बरामद कर ली। न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन निवासी द्रोपदी देवी ने शिकायत दी थी कि 31 मई की शाम 6 बजे एक युवक उनके गले से करीब एक तोला वजनी सोने की चेन झपटकर फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने यूपी के बदायूं जिले निवासी विकास को गिरफ्तार कर लिया और चेन बरामद कर ली।

### महिला से सोने का लॉकेट छीनने का आरोपी पकड़ा

**हिसार।** आदमपुर पुलिस ने महिला से सोने का लॉकेट छीनने के मामले का खुलासा कर आरोपी मुरादखां को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राजस्थान के नागौर जिले के बड़ा बास गांव का निवासी है। पुलिस के अनुसार 19 मई को उसने महिला को फौजी होटल बुलाकर उससे सोने का लॉकेट छीन लिया था। पुलिस ने मामले में जांच कर आरोपी को हिसार से धर लिया।

### चेतावनी के बावजूद समाधान न होने पर उग्र हुए 17 दिन से धरने पर बैठे ग्रामीण

# चानौत में भाखड़ा पाइपलाइन उखाड़ने का प्रयास, हांसी-बरवाला रोड पर जाम

हथौड़े-रॉड लेकर पहुंचे ग्रामीण प्रशासन से वार्ता के बाद मंगलवार तक स्थगित किया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

भाखड़ा पेयजल पाइपलाइन से गांव को पानी का कनेक्शन देने की मांग पर चानौत गांव में चल रहा आंदोलन सोमवार को उग्र हो गया। ग्रामीणों ने गांव से गुजर रही राजली-हांसी पेयजल पाइपलाइन को उखाड़ने का प्रयास किया लेकिन पाइप लाइन तोड़ने में नाकामयाब रहने पर ग्रामीणों ने हांसी-बरवाला रोड पर जन स्वास्थ्य विभाग के बड़े-बड़े पाइप रख कर जाम लगा दिया। जाम के दौरान करीब ढाई घंटे तक यातायात प्रभावित रहा वहीं पुलिस ने जाम के दौरान वैकल्पिक रास्तों पर वाहनों को भेजा।

बता दें कि पिछले 17 दिनों से धरने पर बैठे चानौत के ग्रामीणों ने प्रशासन को पहले ही चेतावनी दे रखी थी कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो वे भाखड़ा से हांसी शहर को जाने वाली पाइपलाइन उखाड़ने को उखाड़ देंगे। चेतावनी के अनुसार धरने पर बैठे काफी संख्या में ग्रामीण सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे हथौड़े और लोहे की रॉड लेकर पाइपलाइन स्थल पर पहुंचे और बिछाई जा रही पाइप लाइन को तोड़ने का प्रयास किया, हालांकि पाइपलाइन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने हांसी बरवाला रोड पर पहुंच वहां पड़े पाइपों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया।



### अफसरों की एक नहीं सुनी

उधर ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम किए जाने की सूचना मिलते ही एसडीएम राजेश खोथ, डीएसपी रविंद्र सांगवान, सदर थाना प्रभारी सदानंद अन्य प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और रोड जाम कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। जाम लगा रहे लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों की एक नहीं सुनी और गांव की पेयजल समस्या का समाधान किए जाने की मांग करते रहे। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रित किया। धरना कमेटी और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच हुई बैठक के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन मंगलवार तक के लिए स्थगित करने का फैसला लिया। इसके बाद करीब ढाई घंटे बाद हांसी-बरवाला रोड पर यातायात सामान्य हो सका।



हांसी। हांसी में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन को तोड़ने का प्रयास करता आंदोलनकारी व अवरोध डालकर सड़क जाम करते चानौत के ग्रामीण

### गांव को कनेक्शन देने की मांग पर अड़े ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि जब राजली-हांसी पेयजल पाइपलाइन उनके गांव से होकर गुजर रही है तो चानौत को भी इससे पेयजल कनेक्शन दिया जाना चाहिए। उनका आरोप है कि गांव लंबे समय से पेयजल समस्या से जूझ रहा है और सरकार को स्थानीय लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता देनी चाहिए। प्रशासन का कहना है कि यह परियोजना विशेष रूप से हांसी शहर की पेयजल जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार की गई है और वर्तमान योजना में चानौत गांव को इससे जोड़ने का कोई प्रावधान नहीं है।

### ये है राजली-हांसी पेयजल पाइपलाइन परियोजना

राजली-हांसी पेयजल पाइपलाइन परियोजना के तहत बरवाला के गांव राजली स्थित भाखड़ा हेड से हांसी शहर तक लगभग 30 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जा रही है। करीब 80 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना केंद्र सरकार की अमृत योजना के तहत संचालित की जा रही है। इसका उद्देश्य हांसी शहर में बढ़ती पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करना है। फिलहाल पाइपलाइन निर्माण कार्य राजली से चानौत गांव तक पहुंच चुका है और आगे इसे हांसी तक ले जाया जाना है। इसी बीच चानौत गांव ग्रामीणों द्वारा कनेक्शन देने की मांग पर आंदोलन शुरू किए जाने के बाद से विवाद गहराता रहा है। अब सभी की मंगलवार को होने वाली अगली वार्ता और प्रशासन के रुख पर टिकी हुई है।



### इधर...काम शुरू करवाने के लिए शहरवासी पहुंचे लघु सचिवालय

**हांसी।** भाखड़ा पाइपलाइन परियोजना का काम 17 दिन से ठप होने पर सोमवार को हांसी के शहरवासी जिला सचिवालय पहुंचे। वार्ड-4 के पार्षद प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद अजय सैनी के नेतृत्व में लोगों ने सीटीएम हिमांशु चौहान को ज्ञापन सौंपकर हांसी में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई जा रही लाइन का काम जल्द शुरू कराने की मांग की। शहरवासियों ने प्रशासन से गांव और शहर दोनों के हितों को देखते हुए जल्द समाधान निकालने की मांग की, ताकि पेयजल संकट का स्थायी हल हो सके। गांव चानौत में भाखड़ा नहर से लाई जा रही पेयजल पाइपलाइन का काम ग्रामीणों के विरोध के चलते पिछले 17 दिनों से रुका हुआ है। शहरवासियों ने कहा कि यह परियोजना हांसी की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के समाधान के लिए मंजूर हुई थी। ज्ञापन में शहरवासियों ने साफ किया कि वे ग्रामीणों की मांगों के खिलाफ नहीं हैं। गांवों को भी पर्याप्त पानी मिलना चाहिए, लेकिन ग्रामीणों द्वारा शहर की पेयजल परियोजना को बाधित करना उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं, जिससे भ्रम की स्थिति बन रही है।

### शहर में भारी वाहनों की नो एंट्री रूट डायवर्ट

**हिसार।** शहर के आजाद नगर क्षेत्र में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों के कारण संभावित यातायात दबाव को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने आमजन को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए विशेष यातायात प्रबंधन योजना लागू की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के तहत ट्रैफिक पुलिस लगातार क्षेत्र में निगरानी रख रही है ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। थाना यातायात एवं हाइवे के प्रभारी निरीक्षक रिसाल सिंह ने बताया कि विकास कार्य शहर के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर आधारभूत सुविधाओं के लिए आवश्यक हैं, लेकिन इस दौरान आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

साउथ बाइपास से आने वाले भारी वाहनों को सिरसा-दिल्ली रोड की ओर व दिल्ली की ओर से आने वाले वाहनों को बाइपास के माध्यम से राजस्थान मार्ग की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। इससे शहर के अंदर यातायात का दबाव कम हो और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके। इसके अलावा निर्माण कार्य पूर्ण होने तक प्रभावित क्षेत्र में अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था पर नजर रख वाहन चालकों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। किसी भी प्रकार की बाधा या जाम के तत्काल समाधान के लिए विशेष टीमों को भी सक्रिय रखा गया है।

### ग्रीन हाउस लगाने के नाम पर एचएयू से 6.37 करोड़ की धोखाधड़ी, केस दर्ज

▶▶| अदालत में दायर इस्तगासे के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई

**हिसार।** एचएयू परिसर में ग्रीन हाउस स्थापित करने के नाम पर 6 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने अदालत में दायर इस्तगासे के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस्तगासे के अनुसार विवि के तत्कालीन अनुसंधान निदेशक एस.के. पाहुजा ने बताया कि विवि परिसर में ग्रीन हाउस लगाने के लिए देहरादून स्थित कंपनी एस्ट्रोन सोल पावर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक गौरव के साथ 8 दिसंबर 2018 को एक समझौता किया गया था। शर्तों के अनुसार परियोजना के पहले चरण का कार्य पूरा होने पर फर्म को 50 प्रतिशत भुगतान किया जाना था। विवि की ओर से बैंक में 6 करोड़ 37 लाख 42 हजार रुपये जमा करवाए गए थे। आरोप है कि फर्म द्वारा ग्रीन हाउस निर्माण का कोई कार्य शुरू नहीं किया गया।

इस्तगासे में कहा गया है कि जब भी विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से फर्म निदेशक से संपर्क किया जाता, तो वह विदेश से सामान नहीं आने का हवाला देकर काम शुरू करने में देरी की बात कहता था। आरोप है कि इसी दौरान फर्म निदेशक ने बैंक कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर बैंक में जमा राशि अपने खाते में ट्रांसफर करवा ली, जबकि समझौते के अनुसार भुगतान कार्य पूरा होने के बाद होना था। बताया गया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने वर्ष 2019 में ही सिविल लाइन थाना में शिकायत दी थी, लेकिन उस समय कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद वर्ष 2025 में अदालत में इस्तगासा दायर किया गया, जिसके आधार पर अब पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मैनेजर की गर्लफ्रेंड पुलिस के रडार पर, कॉल डिटेल खंगाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार/हांसी

हिसार रोड़ स्थित एनएच-10 मार्केट में जॉकी शोरूम मैनेजर सूरज जैन (25) की चाकू मारकर हत्या के मामले में पुलिस की जांच अब दो एंगल पर टिक गई है। जिनमें पहला मुख्य आरोपी साहिल बामल और उसके साथियों की गिरफ्तारी, तथा दूसरा इस वारदात में सूरज की गर्लफ्रेंड की भूमिका। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए हांसी सीआईए की तीन टीमों समेत कुल 6 टीमें लगाई गई हैं।

पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल ब्लैक स्कॉर्पियो को हांसी बॉर्डर से बरामद कर लिया है। यह गाड़ी कैथल निवासी गोविंद मलिक के नाम पर रजिस्टर्ड है और करीब 12 साल पुरानी है। गाड़ी मिलने के बाद पुलिस ने 30 किलोमीटर के एरिया को सील गया है लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ आरोपियों तक नहीं पहुंच पाए।

▶▶▶▶▶ सूरज मर्डर केस ◀◀◀◀◀

- हत्या से पहले आरोपी ने सूरज के मोबाइल से गर्लफ्रेंड को किया था फोन, फरार स्कॉर्पियो बरामद



- पिता बोले- बेटे के हत्यारोपियों का एनकाउंटर किया जाए

### तीन दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली, आईजी कार्यालय पहुंचे जनसंगठन

उधर, मृतक के पिता दीपक जैन, पूर्व मेयर गौतम सरदाना व अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ हिसार आईजी कार्यालय पहुंचे और कहा कि वे पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। पिता दीपक जैन ने आईजी कुलदीप कुमार से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत में सूरज हत्याकांड में शामिल सभी हत्यारोपियों का एनकाउंटर करने की मांग की। पूर्व मेयर सरदाना ने कहा कि सूरज जैन के हत्यारोपियों की तुरंत गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की देरी के कारण सेक्टर-13 में निजी स्कूल शिक्षिका सोनिया मर्डर में आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई।

### सूरज जैन से पहले साहिल के साथ रिलेशन में थी युवती

पुलिस ने सूरज की कॉल डिटेल निकलवाई है। सूत्रों के मुताबिक साहिल ने हत्या के बाद सूरज के मोबाइल से ही उसकी गर्लफ्रेंड को कॉल किया था। यह लड़की सूरज से पहले साहिल के साथ रिलेशन में थी। पुलिस अब सूरज की गर्लफ्रेंड से पूछताछ की तैयारी में है।

### पूरी प्लानिंग से हुआ मर्डरः पुलिस

हांसी पुलिस का दावा है कि सूरज जैन का मर्डर पूरी प्लानिंग के तहत किया गया। पुलिस का कहना है कि हर वो शख्स पुलिस रडार पर है जिसकी इस हत्याकांड में छोटी सी भी भूमिका रही है। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि आरोपी साहिल और उसके साथी शनिवार रात करीब 8:38 बजे एनएच-10 मार्केट पहुंच गए थे। आरोपियों ने पहले सूरज को पीटा, फिर उसके पेट में चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। पुलिस जांच इसी एंगल पर भी आगे बढ़ रही है कि सूरज रोज रात 9 बजे के बाद शोरूम से निकलता था, जिसकी जानकारी आरोपियों को थी। इसलिए वे करीब साढ़े आठ बजे ही मार्केट पहुंच गए थे।

# हांसी के नागरिक अस्पताल में बनेंगे 9 पार्क

- 20 लाख की लागत से होगा सौंदर्यीकरण
- 3000 वर्ग मीटर में लगेंगे फूल-पौधे
- सिंचाई के लिए ट्यूबवेल व लाइन बिछाने का भी प्रस्ताव

**हांसी।** नागरिक अस्पताल परिसर जल्द ही फूलों और हरियाली से महकेगा। अस्पताल में 9 छोटे-बड़े पार्क विकसित किए जाएंगे। इसके लिए लोक निर्माण विभाग की बागवानी शाखा ने करीब 20 लाख रुपये का प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजा है। मंजूरी मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार अस्पताल परिसर में लगभग 3000 वर्ग मीटर क्षेत्र पार्कों के लिए चिन्हित किया गया है। इन पार्कों में उच्च गुणवत्ता की घास, सजावटी पौधे, फूलों की क्यारियां, गमले और बेलें लगाई जाएंगी। इसके साथ ही इसमें रंग-बिरंगे मौसमी फूल और छायादार पौधे भी लगाए जाएंगे। पार्कों की सिंचाई के लिए अस्पताल परिसर में एक ट्यूबवेल लगाने और पाइपलाइन बिछाने का भी प्रस्ताव है।



हांसी। नागरिक अस्पताल में वह स्थान जहां पार्क विकसित किए जाएंगे।

### स्वीकृति के लिए भेजा प्रस्ताव



हरियाली और फूलों से सुसज्जित वातावरण मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर डालेगा और अस्पताल की छवि बेहतर होगी। फिलहाल प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इसके बाद सिविल सर्जन हिसार के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू होगा। **-राहुल नरवाल,** डीसी, हांसी।



हिसार। हरिद्वार के तपोवन ग्रीन्स परिसर में उपस्थित स्वामी सहजानंद एवं अन्य गणमान्य अतिथि।

# हरिद्वार में स्थापित होगा विश्व का दूसरा सबसे बड़ा महामृत्युंजय यंत्र

श्रद्धालु हाइवे से ही कर सकेंगे दर्शन, शिवभक्तों के लिए बनेगा आस्था और ऊर्जा का नया केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

देवभूमि हरिद्वार जल्द ही एक ऐसी ऐतिहासिक आध्यात्मिक धरोहर का साक्षी बनने जा रही है, जो विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाएगी। हरिद्वार के प्रवेश द्वार पर स्थित तपोवन ग्रीन्स सोसायटी में 52 फीट लंबा, 52 फीट चौड़ा और 52 फीट ऊंचा विश्व का सबसे बड़ा दूसरा महामृत्युंजय यंत्र स्थापित किया जाएगा। इस भव्य परियोजना को लेकर श्रद्धालुओं और शिवभक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पहला महामृत्युंजय यंत्र हिसार के मय्यड़ गांव में स्थापित किया जा चुका है।

भगवान शिव को समर्पित महामृत्युंजय मंत्र को सनातन परंपरा में जीवन, आरोग्य, सुरक्षा और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक माना जाता है। इसी दिव्य शक्ति के स्वरूप में निर्मित होने वाला यह विशाल यंत्र श्रद्धालुओं के लिए आस्था, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र बनेगा। इसकी विशेषता यह होगी कि दिल्ली और देहरादून की ओर से हरिद्वार आने वाले श्रद्धालु राष्ट्रीय राजमार्ग से ही इसके दर्शन कर सकेंगे।

### पहले हिसार में है स्थापित

इस महामृत्युंजय यंत्र की आध्यात्मिक यात्रा पहले भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही है। इससे पूर्व यह हरियाणा के हिसार में स्थापित रहा, जबकि प्रयागराज महाकुंभ में इसका अस्थायी स्वरूप तैयार किया गया था। अब पहली बार इसे स्थायी और भव्य रूप में हरिद्वार में स्थापित किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वामी सहजानंद की उपस्थिति को विशेष महत्व दिया गया।

### गौरव का विषय हैः त्यागी

तपोवन ग्रीन्स के डायरेक्टर अतुल त्यागी ने कहा कि यह उनके लिए गौरव का विषय है कि स्वामी सहजानंद ने इस पावन भूमि को महामृत्युंजय यंत्र की स्थापना के लिए चुना है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह परियोजना आने वाली पीढ़ियों के लिए भी आध्यात्मिक प्रेरणा का केंद्र बनेगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता ओंकार जैन ने स्वामी सहजानंद का स्वागत किया। इस दौरान उद्योग एवं व्यापार जगत से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि हरिद्वार की धार्मिक पहचान को नई ऊंचाई देने वाली यह परियोजना भविष्य में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेगी।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर के एल्सेवियर प्रकाशन ने दी बीमारी को मान्यता

# एचएयू ने पहली बार की स्ट्रॉबेरी विल्ट बीमारी की पहचान

आने वाले मौसम में प्रक्षेत्र पर किया जाएगा प्रभावी फफूंदीनाशी व बायोएजेंट्स के प्रयोग का ट्रायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

एचएयू के वैज्ञानिकों ने स्ट्रॉबेरी फसल के लिए घातक विल्ट रोग के एक नए रोग कारक फ्यूजेरियम प्रोलिफेरेटम की पहचान की है। यह पहली बार है जब भारत में स्ट्रॉबेरी के विल्ट रोग से संबंधित इस नए रोगजनक की पुष्टि की गई है। वैज्ञानिकों ने इस रोग के प्रबंधन के लिए कार्य शुरू कर दिया हैं। वैज्ञानिकों के द्वारा प्रयोगशाला में फफूंदीनासी एवं बायोएजेंटस का मूल्यांकन इस रोग के प्रबंध के लिए कर लिया गया है और प्रभावी फफूंदीनासी एवं बायोएजेंटस का प्रयोग आने वाले मौसम में प्रक्षेत्र पर इसका ट्रायल किया जाएगा।

वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि वे जल्द ही इस दिशा में भी कामयाब होंगे। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि एल्सेवियर एक डच शैक्षणिक प्रकाशन संस्था है जिसका इंपैक्ट फैक्टर 3.3 है जो वैज्ञानिक, तकनीक और चिकित्सा सामग्री में विशेषज्ञता रखती है। इसमें प्रकाशित फिजियोलोजिकल एंड मोलिकुलर प्लांट पैथोलोजी में वैज्ञानिकों ने इस बीमारी की रिपोर्ट को प्रथम शोध रिपोर्ट के रूप में प्रकाशन के लिए स्वीकार कर मान्यता दी है, जो विशेषतः पौधों की बीमारियों के लिए पौधों में नई बीमारी को मान्यता देने वाले, अध्ययन के लिए सबसे पुराने अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठनों में से एक है। यह शैक्षणिक संस्था विशेषतः पौधों की बीमारियों पर विश्वस्तरीय प्रकाशन प्रकाशित करती है। हकृवि के वैज्ञानिक देश में इस बीमारी की खोज करने वाले सबसे पहले वैज्ञानिक हैं। इन वैज्ञानिकों ने स्ट्रॉबेरी के विल्ट रोग पर शोध रिपोर्ट प्रस्तुत की है जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्था ने मान्यता प्रदान करते हुए जर्नल में प्रकाशन के लिए स्वीकार किया है।

### इन वैज्ञानिकों का रहा अहम योगदान

विल्ट रोग के मुख्य शोधकर्ता डॉ. आदेश कुमार ने बताया कि शोधकर्ता इस बीमारी के प्रकोप को समझने और इसके प्रभाव को कम करने के लिए लक्षित उपाय विकसित करने में जुटे हुए हैं जिससे स्ट्रॉबेरी उत्पादन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। एचएयू के वैज्ञानिकों अनिल कुमार सैनी, रूमी रावल, राकेश कुमार, केसी राजेश कुमार, सुशील शर्मा, विकास कुमार शर्मा, योगेश कुमार, आरपीएस दलाल, प्रिंस, इंदु अरोड़ा, राकेश गहलोत व पीएचडी छात्र शुभम सैनी ने भी इस शोधकार्य में योगदान दिया।

### निगरानी व मजबूत प्रबंधन जरूरीः कुलपति

बदलते कृषि परिदृश्य में विभिन्न फसलों में उभर रहे खतरों की समय पर पहचान एक महत्वपूर्ण और आवश्यक कार्य है। वैज्ञानिकों को बीमारी के प्रकोप पर कड़ी निगरानी और प्रक्षेत्र पर रोग नियंत्रण के लिए तेजी से काम शुरू करने की आवश्यकता है। स्ट्रॉबेरी की सफल खेती अक्सर विभिन्न जैविक कारकों से बाधित होती है जिनमें से विल्ट रोग बड़ी चिंता का विषय है। यह खोज स्ट्रॉबेरी की खेती की सुरक्षा के लिए निगरानी और मजबूत प्रबंधन रणनीतियों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है।

**-प्रो. बीआर काम्बोज,** कुलपति, हकृवि।

हरिभूमि सहेली



पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महिलाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं। इसके लिए बहुत बड़ी कोई कार्य योजना बनाने की भी जरूरत नहीं है। घर के आंगन से ही इसकी शुरुआत कर, वे दूसरों को भी पर्यावरण संरक्षित करने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। महिलाएं किन मोर्चों पर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देकर देश को प्रदूषण मुक्त रख सकती हैं, हर तरफ हरियाली बिखेर सकती हैं, जानिए।

विशेष
विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून

# पर्यावरण सहेजने के मोर्चे पर डटें महिलाएं

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

सदा से ही सब कुछ सहेजने का भाव रखने वाली महिलाएं पर्यावरण को बचाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। अब इस फ्रंट पर बिना देरी किए सार्थक कदम उठाने की भी दरकार है। 2026 के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'नाउ फॉर क्लाइमेट चेंज' है। यानी एनवॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई करनी ही होगी। यह विषय हमारी धरती, पर्यावरण और मौसमी बदलावों से जुड़ी हर चेतावनी को समझने का संदेश देता है। ऐसे में महिलाएं तुरंत इस फ्रंट को संभाल सकती हैं। उन छोटे-छोटे कदमों को बढ़ावा दे सकती हैं, जो पर्यावरण बचाने में बहुत कारगर सिद्ध हो सकते हैं। घर हो या बाहर, महिलाएं इस ओर बढ़ने की शीघ्र पहल करें।

## आंगन से शुरू हो मुहिम

घर-परिवार में सब कुछ संभालने वाली स्त्रियां आम-सी बातों और आदतों पर ध्यान देकर भी एनवॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन से जुड़ी कार्रवाई को बल दे सकती हैं। आप भी अपने आंगन से ही इसकी शुरुआत कर सकती हैं। ई-वेस्ट को कम करना, बिजली और पानी की बचत, फूड वेस्ट न करना, आस-पास जाने के लिए पैदल चलना, पेपर-नैपकिन की बजाय रुमाल का यूज करना, रि-साइकिलिंग के लिए घर के कचरे का सही तरीके से निपटारा करने जैसे काम हर घर में किए जा सकते हैं।



वाटर प्यूरीफायर से निकलने वाले वेस्ट पानी से पौधों को सींचना हो या पोंछा लगाने में इस्तेमाल करना। सिंगल-यूज प्लास्टिक से दूरी बनाने के लिए बाजार जाते हुए थैला साथ रखने की आदत बनानी हो या लाइट, पंखे जैसे उपकरणों को बेवजह चलते ना रहने देना। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए आप खुद भी सजग हों और घर के दूसरे सदस्यों को भी इन आदतों को अपनाने को प्रेरित करें। असल में 'नाउ फॉर क्लाइमेट चेंज' मुहिम का मूल मंत्र भी 'सोच बड़ी, पर शुरुआत छोटी' ही है। डेली लाइफ में छोटे-छोटे बदलाव कर क्लाइमेटिक हालातों पर गहरा असर डाला जा सकता है। बड़ी जनसंख्या वाले हमारे देश में तो ऐसी हर सहज शुरुआत और भी मायने रखती है।

## तीज-त्योहारों के व्यावहारिक अर्थ समझें

हमारे पर्व-त्योहारों को मनाने से जुड़ी बुनियादी सोच, प्रकृति और इंसान के बीच सहज संतुलन बनाने वाली ही है। कुदरत का आभार और संरक्षण इनसे जुड़े मुख्य संकल्प हैं। ऋतु-परिवर्तन से जुड़े हमारे त्योहार जल, धरती और हरियाली जैसे प्राकृतिक संसाधनों को सहेजने का व्यावहारिक पाठ पढ़ाने वाले रहे हैं। मकर संक्रांति, पोंगल, फूलदेई और बैसाखी जैसे पर्व सीधे तौर पर फसल चक्र और प्रकृति की पूजा से ही जुड़े हैं। वट सावित्री, आंवला नवमी, सरहुल और पीपल पूर्णिमा जैसे बहुत से त्योहार पेड़ों के पूजन-अर्चन के संग धरती की गोद में हरियाली के बने रहने की प्रार्थनाएं भी लिए हैं। तुलसी और केले के पौधे तो हर दिन पूजे जाते हैं। पारंपरिक रूप से हल्दी, चंदन और फूलों के प्राकृतिक रंग हमारे जीवन का हिस्सा रहे हैं। जल, अग्नि, वायु और आकाश के संतुलन वाली परंपरागत जीवनशैली में मिट्टी की मूर्तियों के पूजन का रिवाज रहा है। विशेष अवसरों पर नदियों और कुओं की पूजा की जाती है। चिंता की बात यह है कि बीते कुछ वर्षों में त्योहारों के रंग-ढंग भी बदल गए हैं। जिसके चलते नदी-तालाब प्लास्टिक से अंट गए हैं। दिखावटी-सजावटी चीजों ने प्रकृति के रंग छीनने का काम किया है। यही वजह है कि इन पर्वों को मनाने वाली स्त्रियां त्योहरों के व्यावहारिक अर्थ समझकर पर्यावरण सहेजने की धुरी बन सकती हैं। प्रकृति को सहेजने के लिए स्त्रियां इन त्योहारों को पारंपरिक संस्कारों के साथ मनाएं।



## बनाएं सहेलियों के समूह

सहेलियां एक-दूजे को देखकर फैशन और स्टाइल ही नहीं, ईको-फ्रेंडली आदतें भी अपना सकती हैं। किट्टी पार्टी या आस-पड़ोस का कोई ग्रुप पर्यावरण सहेजने वाली एक्टिविटीज से भी जुड़ सकती हैं। अपने-अपने घर में किचन गार्डन बना सकती हैं। छत पर सब्जियां और छोटी-सी बालकनी में हरी मिर्च, धनिया, पुदीना जैसे पौधे आसानी से उगा सकती हैं। अपने उगाए सब्जी, फल-फूल आदि एक-दूजे संग शेयर कर खुशियां साझा कर सकती हैं। अपनी फ्रेंड्स के साथ मिलकर किसी स्थानीय पार्क में पौधारोपण करने या किसी तालाब की साफ-सफाई का भी प्लान बनाएं। सरकारी संस्थान या किसी संगठन द्वारा रोपे गए पौधों के देखभाल की जिम्मेदारी लें। नई चीजें खरीदने की बजाय मिलकर पुरानी चीजों का मेकओवर करें। यह एक-दूसरे से कुछ क्रिएटिविटी सीखने और कुदरत को सहेजने की सबसे सुंदर राह है। पार्टियों की तस्वीरें ही नहीं, सोशल मीडिया में अपनी इन गतिविधियों को भी शेयर करें। पर्यावरण के प्रति सजगता और जिम्मेदारी रखने का भाव लिए छोटे-छोटे कदम डिजिटल दुनिया में दूसरी महिलाओं को भी प्रेरणा देंगे, वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय होंगी। ❀

# परवरिश में घुली हो हरियाली

पर्यावरण का संकट किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। इससे निपटने के लिए हमें तो हर संभव प्रयास करने ही होंगे, साथ ही अपने बच्चों को भी जागरूक बनाना होगा। उनकी परवरिश इस तरह करनी होगी कि बच्चों के व्यवहार-जीवनशैली में पर्यावरण-सजगता शामिल हो।

सजगता
पूर्ति खरे



बच्चे अपने पैरेंट्स और परिवार से जो सीखते हैं, वो उनके व्यक्तित्व का स्थाई हिस्सा बन जाता है। उनकी आदतें, सोच, व्यवहार और जीवन के प्रति दृष्टिकोण सबकी पहली पाठशाला घर-परिवार ही होती है। ऐसे में यदि बचपन से ही उन्हें प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और संसाधनों के सम्मान की सीख मिले, तो यह केवल आदत नहीं, उनके भावी जीवन की बुनियाद भी रखता है।

**व्यवहार में शामिल हो सजगता:** आज जब दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, पेय जल संकट, प्रदूषण और घटते जंगलों जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, तब पर्यावरण शिक्षा को केवल बच्चों के स्कूल की किताबों तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। इसे उनके रोजमर्रा की दिनचर्या, व्यवहार और संस्कारों में शामिल करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। बच्चों को अगर हम आज पर्यावरण के प्रति सजग बनने के संस्कार देंगे तो वे जीवनपर्यंत पर्यावरण संरक्षण को लेकर संवेदनशील रहेंगे।



**प्रकृति से बढ़ती दूरी है मूल वजह:** पहले के समय में पर्यावरण संरक्षण शब्द भले इतना प्रचलित न रहा हो, लेकिन हमारी जीवनशैली प्रकृति के बेहद करीब हुआ करती थी। दादी-नानी की रसोई में प्लास्टिक नहीं, कपड़े के थैले और मिट्टी के बर्तन होते थे। पानी की एक-एक बूंद की कीमत समझी जाती थी। पेड़ केवल छाया देने वाली वस्तु नहीं, परिवार के सदस्य जैसे माने जाते थे। गर्मियों में घरों के बाहर पक्षियों के लिए पानी रखा जाता था, बचा हुआ खाना पशुओं को दे दिया जाता था और त्योहार भी प्रकृति के अनुकूल मनाए जाते थे। यह सब किसी पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं था, बल्कि जीवन का स्वाभाविक व्यवहार था। लेकिन आधुनिकता और सुविधाओं की दौड़ में हम प्रकृति से धीरे-धीरे दूर होते चले गए। ऐसे में पर्यावरण शिक्षा को फिर से जीवन के केंद्र में लाना जरूरी हो गया है।

**महसूस कराएं प्राकृतिक आत्मीयता:** जब बच्चा मिट्टी में पौधे का बीज रोपता है, किसी मुरझाए पेड़ को पानी देता है, किसी चिड़िया को दाना डालता है या पहली बारिश की खुशबू महसूस करता है, तब उसके भीतर प्रकृति के प्रति आत्मीयता जन्म लेती है। आज की पीढ़ी बेहद संवेदनशील और जागरूक है। जरूरत केवल उन्हें सही दिशा देने की है। यदि हम उन्हें यह समझा पाएं कि पृथ्वी केवल मनुष्यों की नहीं, बल्कि पक्षियों, जानवरों, पेड़-पौधों और आने वाली पीढ़ियों की भी है, तो वे निश्चित ही जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। यह भी सच है कि बच्चों को केवल डर दिखाकर पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं बनाया जा सकता। इसलिए जरूरी है कि उन्हें प्रकृति की सुंदरता, उसकी उदारता और उससे मिलने वाले सुख का भी अनुभव कराया जाए। उन्हें यह महसूस होना चाहिए कि पर्यावरण बचाना कोई बोझ नहीं, बल्कि जीवन को सुंदर बनाने का तरीका है।

**बनें बच्चों के रोल मॉडल:** बच्चे सबसे ज्यादा अनुकरण घर में करते हैं। यदि वे अपने माता-पिता को पानी व्यर्थ बहाते, हर छोटी चीज के लिए प्लास्टिक का उपयोग करते या बिजली की अनावश्यक बर्बादी करते देखेंगे, तो वही सीखेंगे। वहीं यदि घर में कपड़े के थैले इस्तेमाल होंगे, पौधों की देखभाल की जाएगी, पानी और बिजली बचाने पर ध्यान दिया जाएगा, तो बच्चे इसे सहज व्यवहार की तरह अपनाएंगे।

**ये सरल तरीके भी हैं कारगर :** सप्ताह में एक दिन 'नो प्लास्टिक डे' रखा जा सकता है। बच्चों के साथ मिलकर बालकनी या छत पर छोटा-सा किचन गार्डन बनाया जा सकता है। उसकी देखभाल की जिम्मेदारी बच्चों को ही सौंपी जा सकती है। जन्मदिन पर महंगे रिटर्न गिफ्ट्स की जगह पौधे बांटने की शुरुआत की जा सकती है। छुट्टियों में बच्चों को किसी जंगल, नदी या गांव की सैर कराई जा सकती है ताकि वे प्रकृति को वास्तविक रूप में महसूस कर सकें। ❀



अफर्मेशन यानी सकारात्मक कथन आत्मविश्वास बढ़ाने, सफलता पाने की दिशा में बहुत प्रेरक सिद्ध होता है। यह कैसे काम करता है, आपको भी जानना चाहिए।

# अफर्मेशन का होता है जादुई असर


स्वप्रेरणा
अंजू जैन

अकसर मनोविज्ञानी, व्यवहार विशेषज्ञ, समाजशास्त्री और प्रेरक वक्ता, जीवन में आगे बढ़ने, सुकून और समृद्धि हासिल करने के लिए अफर्मेशंस को बहुत प्रभावी मानते हैं।

**क्या हैं अफर्मेशन:** अफर्मेशन यानी सकारात्मक कथन, मस्तिष्क को रीप्रोग्राम करने की एक वैज्ञानिक तकनीक है, जो न्यूरोप्लास्टिसिटी के माध्यम से तनाव कम करती है, आत्मविश्वास बढ़ाती है और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाती है। शोध बताते हैं कि यह तकनीक मस्तिष्क के रिवॉर्ड सिस्टम को सक्रिय करती है और सेल्फ वर्थ की भावना को बढ़ाती है।

**अफर्मेशन के प्रमुख फायदे:** यह तनावपूर्ण स्थितियों में शांत रहने और मानसिक लचीलापन बढ़ाने में मदद करती है। साथ ही सकारात्मक कथन, मस्तिष्क के उन हिस्सों को सक्रिय करते हैं, जो आत्म-धारणा और समस्या-समाधान से जुड़े होते हैं। ये कथन नकारात्मक विचारों को बदलते हैं, आत्म-संदेह और डर को दूर करते हैं। वैज्ञानिक सोच पर अनुसंधान करने वाले वैज्ञानिकों के अनुसार, हमारा मस्तिष्क लगातार बदलता रहता है। अफर्मेशन तकनीक नए तंत्रिका मार्ग बनाने में मदद करती है, जिससे सोचने का तरीका बदलता है।

**प्रभावी ढंग से करें अफर्मेशन का उपयोग:** अफर्मेशन का प्रभावी उपयोग करने के लिए अपने लक्ष्यों और मूल्यों के अनुसार स्वयं के कथन बनाएं। इन्हें दोहराना अपनी दैनिक आदत बनाएं, जैसे सुबह या रात को सोने से पहले। इन्हें गहराई से अपनाना होगा और रोज महसूस करना होगा। यह मस्तिष्क को शांत, अधिक लचीला और लक्ष्यों के प्रति केंद्रित बनाने का एक सिद्ध और वैज्ञानिक तरीका है।



**अपनाएं 10 कारगर अफर्मेशन:** कुछ ऐसे सकारात्मक विचार हैं, जो हर महिला के मन में होने चाहिए। ये आपको प्रेरित करेंगे, आत्मविश्वास को भी बढ़ाएंगे।

**आत्मसम्मान के लिए:** मैं पर्याप्त हूं और मुझे किसी को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है। मेरे लिए सबसे पहले अपना आत्मसम्मान है।

**फोकस के लिए:** मेरी ऊर्जा अनमोल है, मैं इसे केवल उन चीजों पर लगाती हूं, जो मुझे आगे बढ़ाती हैं। फालतू की चीजें या सिर्फ दूसरों को खुश करने के लिए मुझे ऊर्जा और सुकून नष्ट नहीं करना चाहिए।

**साहस के लिए:** मैं अपनी क्षमताओं पर विश्वास करती हूं और हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हूं। खुद मुझे ही आगे बढ़कर अपनी मुसीबतों का सामना करना है।

**स्वावलंबन के लिए:** मैं अपनी खुशियों की खुद निर्माता हूं। मैं दूसरों पर निर्भर नहीं रहूंगी। आत्मनिर्भरता मेरे लिए आवश्यक है।

**कार्यकुशलता के लिए:** आज मैं जो भी करूंगी, उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगी और खुद पर गर्व करूंगी। आगे बढ़ना है तो मुझे मेहनत करनी होगी।


**विकास के लिए:** गलतियां करना सीखने का हिस्सा है। मैं उनसे डरती नहीं, बल्कि आगे बढ़ती हूं। भला किससे गलतियां नहीं होतीं।

**सेल्फ-केयर के लिए:** मैं अपने शरीर और मन का सम्मान करती हूं और उनकी देखभाल करना मेरी प्राथमिकता है। मेरी खुशी मेरे लिए सर्वोपरि है।

**समृद्धि के लिए:** मैं सफलता और प्रचुरता के योग्य हूं। जब मेरे भाई-बहन, दोस्त आगे बढ़ सकते हैं तो मैं भी बढ़ सकती हूं।

**मानसिक शांति के लिए:** मेरा शांत स्वभाव ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। शांत मन ज्यादा शक्तिशाली होता है।

**सेल्फ-लव के लिए:** मैं जैसी हूं, वैसी ही सुंदर और शक्तिशाली हूं। मुझे दूसरों से सर्टिफिकेट नहीं चाहिए। आप इनमें से अपनी पसंद के अनुसार किसी एक को डेस्क कैलेंडर या स्टिकी नोट पर लिखकर टेबल पर रख सकती हैं। ❀




सीजनल केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## ट्रैवलिंग में साथ रखें ये प्रोडक्ट्स
# मेंटेन रहेगा ग्लोइंग मेकअप

गर्मी की छुट्टियों में बहुत से लोग अपने परिवार, दोस्तों के संग हिल स्टेशंस या अन्य पर्यटक स्थलों पर घूमने जाते हैं ताकि नेचर का आनंद ले सकें और शहरों की भाग-दौड़ भरी उबाऊ जिंदगी से राहत मिल सके। लेकिन इस मौसम में खुले वातावरण में घूमने से पसीने, टैनिंग, त्वचा में जलन, सनबर्न से ब्यूटी पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। लेकिन अगर आप ट्रैवलिंग के दौरान अपने साथ कुछ जरूरी ब्यूटी प्रोडक्ट्स रखती हैं तो आप इस मौसम में त्वचा को होने वाले नुकसानों से खुद को बचा सकती हैं।

**फेस वाइप्स:** गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी पसीने से होती है। तेज धूप की वजह से ऑयली स्किन पर गंदगी और तेल जम जाता है। इससे चेहरा डल लगता है और मेकअप भी खराब हो जाता है। इसलिए इस मौसम में जब भी आप घूमने जाएं तो अपने साथ फेस वाइप्स जरूर रखें। फेस वाइप्स से बिना पानी के चेहरे की त्वचा साफ हो जाती है और चेहरे की नर्व्स में ब्लड सर्कुलेशन भी बढ़ता है। गीले फेस वाइप्स को आप अपनी सुविधानुसार उपयोग कर सकती हैं। जब आपके पास पानी और फेस वॉश उपलब्ध नहीं हो तो इसे यूज करें। इससे आपकी स्किन तुरंत साफ और फ्रेश लगेगी।





**ड्राई शैंपू:** यात्रा के दौरान कई बार बालों को धोने का कम ही समय मिल पाता है। ऐसे में ड्राई शैंपू काफी मददगार हो सकता है। ड्राई शैंपू पानी रहित उत्पाद है, जिसे बालों को साफ करने के लिए आमतौर पर स्प्रे या पावडर के रूप में उपयोग किया जाता है। इसे सिर की त्वचा पर लगाया जाता है और यह बालों से तेल या सीबम को सोख लेता है, जिससे बाल साफ और तरोताजा दिखते हैं। यदि आपकी स्कैल्प सेंसिटिव है तो अल्कोहलबेस्ड या सुगंधित ड्राई शैंपू से बचें।

**वाटर प्रूफ काजल:** अधिकतर महिलाएं अपनी सुंदरता को निखारने के आंखों पर काजल लगाना खूब पसंद करती हैं। लेकिन गर्मी के मौसम में पसीने से काजल फैलने की समस्या हो सकती है। इस समस्या से बचने के लिए वाटर प्रूफ काजल आपकी मदद कर सकता है। वाटर प्रूफ काजल आंखों पर लंबे समय तक मेंटेन रहता है। इन्हें लगाने से आंखों को परेशानी नहीं होती है और सेंसिटिव आंखों वाली महिलाओं के लिए भी उपयुक्त होता है। जैल आधारित काजल 12 घंटों तक टिका रहता है, जिसे आप ब्रश की मदद से लगा सकती हैं।

**ग्लिटर:** ग्लिटर नाखूनों को एक नया लुक देता है, जिससे साधारण मेनीक्योर भी खास दिखने लगता है। ग्लिटर मेनीक्योर अनेक प्रकार के कस्टमाइजेशन का अवसर प्रदान करता है और विभिन्न रंगों और फिनिश के साथ आपके सौंदर्य को निखारता है। ❀

डाइट एडवाइस
विधि



आमतौर पर महिलाएं वर्क प्रेशर की वजह से ब्रेकफास्ट में कुछ भी खा लेती हैं या स्किप कर देती हैं। आपको हेल्दी और एक्टिव रहने के लिए अपने ब्रेकफास्ट में ऐसे फूड्स शामिल करने चाहिए, जिससे आपको एनर्जी मिल सके।

## जब डेली करेंगी न्यूट्रिशस ब्रेकफास्ट
# आप रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

डॉक्टर्स कहते हैं कि दिन की शुरुआत हैवी ब्रेकफास्ट से होनी चाहिए। इससे पूरे दिन एनर्जी बनी रहती है लेकिन बहुत सी महिलाएं, सुबह की भाग-दौड़ और काम में ब्रेकफास्ट पर ध्यान नहीं देती हैं या बिना ब्रेकफास्ट किए ही रह जाती हैं। डेली न्यूट्रिशस ब्रेकफास्ट नहीं करने से सारा दिन सुस्ती और आलस महसूस होता है। वीकनेस आने लगती है। नाश्ते में ऐसी चीजें खानी चाहिए, जो हेल्दी हों। क्योंकि सही ब्रेकफास्ट दिनभर एनर्जेटिक और एक्टिव बनाए रखता है। ब्रेकफास्ट हेल्दी होने से कई सारी बीमारियां भी शरीर से दूर रहती हैं, साथ ही मेंटल हेल्थ भी बेहतर रहती है और इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है।

**क्या खाएं:** सुबह के नाश्ते में जितना हो सके हेल्दी और पौष्टिक चीजें शामिल करनी चाहिए। प्रोटीन, फाइबर, हेल्दी फैट से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। इसके लिए ताजे फल, स्प्राउट्स, ओट्स, अंडा, दलिया, सूजी, मूंग दाल चीला, ड्राई फ्रूट्स, दूध को ब्रेकफास्ट में शामिल करना चहिए। सुबह के ब्रेकफास्ट में परांठों की जगह उपमा, नमकीन दलिया, घी लगी रोटी शामिल करना फायदेमंद होता है। प्रोटीन से भरपूर नाश्ता आपके शरीर को दिनभर की ऊर्जा देने में मदद करता है। प्रोटीन-रिच नाश्ते में उबले हुए अंडे, पनीर, दही, दलिया या ओटमील, मूंग दाल का चीला खा सकती हैं। फाइबर पाचन को सही बनाए रखने में मदद करता है। यह दिल के लिए भी अच्छा होता है। फाइबर से भरपूर ब्रेकफास्ट के लिए फलों का सलाद, साबुत अनाज की ब्रेड या परांठे, आलू या शकरकंदी की चाट खा सकती हैं। हेल्दी फैट से शरीर को एनर्जी मिलती है। यह शरीर के लिए जरूरी हार्मोन के प्रोडक्शन में भी मददगार है। इसके लिए एवोकाडो, नट्स, मूंगफली का मक्खन, अलसी का तेल ब्रेकफास्ट में शामिल कर सकती हैं। फ्रेश फल और सब्जियां न सिर्फ शरीर को हाइड्रेट करते हैं, बल्कि ये जरूरी विटामिन और मिनरल्स से भी भरपूर होती हैं। ये इम्यूनिटी को बढ़ाने में मददगार हैं। शरीर को पूरे दिन हाइड्रेटेड रखने के लिए पानी के अलावा, ब्रेकफास्ट में नींबू पानी, नारियल पानी, ग्रीन टी लेना भी अच्छा होता है। मीठे के लिए ब्रेकफास्ट में शहद, मेपल सिरप या गुड़ का इस्तेमाल कर सकती हैं। एक छोटे से फल जैसे कि आम, पपीता या सेब को भी मिठास के लिए शामिल कर सकती हैं। नाश्ते में स्मूदी केला और दूध एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। बिना अतिरिक्त मात्रा में नमक या चीनी की दही का ऑप्शन भी सेहतमंद होता है।



**क्या न खाएं:** ब्रेकफास्ट में कुछ फूड आइटम्स को नहीं खाना चाहिए।

**वाइट ब्रेड:** सफेद ब्रेड को लो क्वालिटी के कार्ब्स के साथ प्रोसेस किया जाता है, जिससे मोटापा, ब्लड शुगर बढ़ने और हार्ट डिजीज का खतरा भी पैदा होता है।

**समोसा-पकौड़े:** तली हुई चीजें खाने से सीने में जलन, पेट में भारीपन और शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है।

**मीठा दही:** इससे शरीर में शुगर की मात्रा बढ़ सकती है।

**इंस्टेंट नूडल्स:** इनमें बहुत ज्यादा नमक, प्रिजरवेटिव्स और अनहेल्दी फैट्स होते हैं, इसलिए ये सुबह के खाने के लिए बिल्कुल हेल्दी नहीं होते हैं। ❀

**(डायटिशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

खबर संक्षेप

## डीसी ने पल्स पोलियो व एचआईवी संरक्षण योजनाओं की समीक्षा की

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने सोमवार को स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं एवं अभियानों की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में 28 जून से प्रारंभ होने वाले पल्स पोलियो अभियान, पीपल्स लिविंग विद एचआईवी प्रोटेक्शन कार्यक्रम, तंबाकू रहित गांव अभियान, जिला स्तरीय मलेरिया समिति तथा आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

## योग दिवस के उपलक्ष्य में पंजीकरण अभियान चलाया

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के सफल आयोजन एवं अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा जिले में विशेष पंजीकरण अभियान प्रारम्भ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों, शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों, पंचायतों, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों तथा आम नागरिकों को योग दिवस कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह जानकारी जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ धर्मपाल पूनिया ने दी।

## पुलिस ने निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया

**हिसार।** पुलिस कर्मियों, उनके परिवारजनों तथा आमजन के स्वास्थ्य एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए महिला थाना के नजदीक स्थित पुलिस अस्पताल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर आई-क्यू आंखों के अस्पताल, एवं सहयोगी संस्थान अग्निहोत्री आंखों के अस्पताल की ओर से आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों ने आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया। शिविर के दौरान पुलिस कर्मियों, उनके परिजनों एवं आमजन को नेत्र संबंधी समस्याओं की जांच, दृष्टि परीक्षण तथा आंखों की देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक जनरल परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अनुशासित ढंग से परेड में भाग लिया। एसपी ने परेड का निरीक्षण करते हुए पुलिस जवानों की कार्यकुशलता, अनुशासन एवं टर्नआउट का अवलोकन किया। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने जिले में तैनात पीसीआर राइडर एवं ईआरवी (इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल) वाहनों की विस्तृत जांच की। उन्होंने वाहनों में उपलब्ध आवश्यक उपकरणों, संचार व्यवस्था, सुरक्षा संसाधनों तथा रिकॉर्ड का निरीक्षण करते हुए संबंधित कर्मचारियों को वाहनों को सदैव तैयार अवस्था में रखने के निर्देश दिए।

## युवाओं ने ली नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला नागरिक अस्पताल स्थित सुकून केंद्र में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला सुकून काउंसलर एवं नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर राहुल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू व अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में नेशनल नर्सिंग कॉलेज, बरवाला के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशामुक्त समाज निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

### लघु सचिवालय तक निकाला विरोध मार्च, सौंपा ज्ञापन

# महंगाई-बिजली संकट को लेकर सड़कों पर उतरे इनेलो कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

इनेलो द्वारा सोमवार को भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, बिजली किल्लत, आसमान छूते तेल के दामों और घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पार्टी कार्यकर्ता एचएयू के गेट नंबर 4 के पास स्थित पार्क में एकत्रित हुए और बाद में जिला अध्यक्ष सतपाल काजला के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे। वहां इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. संपत सिंह ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर पार्टी नेता प्रो. संपत सिंह और सतपाल काजला ने कहा कि जनता भाजपा की कुनीतियों से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। बिजली के भारी-भरकम बिलों और अघोषित कटों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी करके सरकार आम जनता की जेब पर सरेआम डकैती डाल रही है।



हिसार। ज्ञापन देते इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. संपत सिंह व अन्य।

**ये रहे मौजूद**

प्रदर्शन में छत्तर सिंह, दलबीर किरमारा, गौरव संपत, राजीव राजा, साहिल दीप कस्वां, तेलुराम, सत्यवान, चरण सिंह, चेत राम ढाका, रामचन्द्र बेनीवाल, जंग बहादुर, सुभाष टांक, सत्यनारायण मंगाली, राजू तलवंडी, रमेश चुघ आदि मौजूद थे।

## हांसी में भी प्रदर्शन कर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**हांसी।** बढ़ती महंगाई के विरोध में इनेलो ने सोमवार को राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पेट्रोल-डीजल, गैस, बिजली, खाद के दाम वापस लेने की मांग की। उमेद लोहान ने कहा कि सत्ता से पहले महंगाई पर अर्धनग्न प्रदर्शन करने वाली भाजपा ने आज आम जनता का जीना दूभर कर दिया है। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से परिवहन लागत बढ़ी है, जिसका असर खाने-पीने की चीजों पर पड़ा है। यूरिया-डीएपी महंगी होने से किसान दोहरी मार झेल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि दाम वापस न लिए तो इनेलो प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ेगी। प्रदर्शन में मोटरसाइकिल पर लगा 'अलविदा संदेश' चर्चा में रहा। बैनर में लिखा था कि बाइक खराबी से नहीं, आसमान छूती तेल कीमतों के कारण दम तोड़ रही है।

## तंबाकू और धूम्रपान को हमेशा के लिए छोड़ने का संकल्प लेने की अपील

**हिसार।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) हिसारवासियों आग्रह किया है कि वे अपने तथा अपने परिवार के बेहतर स्वास्थ्य के लिए तंबाकू और धूम्रपान को हमेशा के लिए छोड़ने का संकल्प लें। आईएमए हिसार के अध्यक्ष डॉ. गुरनीश सिंह और सचिव डॉ. अमिता गर्ग ने संयुक्त रूप से कहा कि तंबाकू का सेवन आज भी कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों की बीमारियों और समय से पहले होने वाली मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। चाहे वह सिगरेट, बीड़ी, हुक्का, ई-सिगरेट, गुटखा, खैनी, जर्दा या किसी भी अन्य रूप में हो, तंबाकू शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू का दुष्प्रभाव केवल सेवन करने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसके परिवार, बच्चों और आसपास के लोगों को भी निष्क्रिय धूम्रपान के माध्यम से गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने सभी से अपील कि यदि आप तंबाकू का सेवन करते हैं, तो इसे छोड़ने का दृढ़ संकल्प लें। परिवार और मित्र अपने प्रियजनों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

## जुबां सांगा क्लब बना दिल्ली वुमन सीनियर लीग चैंपियन



**हिसार।** जुबां सांगा क्लब ने रेंजर एफसी को 3-0 से हराकर दिल्ली वुमन फुटबॉल लीग चैंपियनशिप अपने नाम की है। इस टूर्नामेंट में निधी ने 28 गोल किए तथा बेस्ट प्लेयर का खिताब जीता। इस टीम में जाट कॉलेज हिसार की 18 लड़कियां थी व चार लड़कियां सेंट जॉसफ स्कूल की थी। इस अवसर पर जाट कॉलेज प्राचार्य सुरेन्द्र बाजिया ने सभी प्लेयरों को शुभकामनाएं दी। प्रवक्ता प्रवीण राजोरिया ने बताया कि टूर्नामेंट में लड़कियों ने बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जाट कॉलेज फिजिकल एजुकेशन के हैड डॉ. महेश ख्यालिया, जगदीप श्योराण, विनय, परीक्षित, नवीन कुमार, स्वीटी एवं हिमांशी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। कोच विनोद कुमार ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का परिचय दिया।

## निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था लागू हो : इंद्रजीत



**हिसार।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ का दो दिवसीय राज्य कौंसिल सम्मेलन सोमवार को राज्याध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ शुरू हुआ। सम्मेलन के खुले सत्र में विभिन्न संगठनों के नेताओं ने शिक्षा, कर्मचारियों और अध्यापकों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से विचार रखे। अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत ने कहा कि देश में सभी बच्चों के लिए एक समान, निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक समानता और लोकतांत्रिक विकास का आधार बताते हुए सरकारों से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की।

## पुरुषोत्तम मास की पूर्णिमा पर की महाराजा अग्रसेन और मां लक्ष्मी की आरती



**हांसी।** पुरुषोत्तम मास की पावन पूर्णिमा पर अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा रविवार शाम को महाराजा अग्रसेन चौक पर महाराजा अग्रसेन व कुल देवी मां लक्ष्मी की आरती एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान राधे श्याम रतेरिया, गौभक्त सज्जन अग्रवाल और प्रमुख समाजसेवी पुरुषोत्तम तायल के सानिध्य में हुआ। पंडित गौरी शंकर वृजवासी ने विधिवत पूजा व आरती करवाई। हरियाणा टैक्स ट्रिब्यूनल के सदस्य एडवोकेट सचिन जैन ने नारियल फोड़कर आरती का शुभारंभ किया। अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष मिथुन बंसल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए 'एक ईंट-एक रुपया' का जो संदेश दिया था, वह आज भी समाज के लिए उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने समाज के लोगों से महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर कृष्ण जिंदल, बजरंग बंसल, राम अवतार तायल, रमेश खरड़िया, विजय जैन, पवन गर्ग खरड़िया, पूर्व पार्षद विनोद सिंगला, दीपक मित्तल, अरुण आर्य, अनिल मित्तल, वाइस चेयरमैन अनिल बंसल, युवा प्रधान एडवोकेट विशाल मित्तल, प्रवीण बंसल, धर्मबीर रतेरिया, नकुल अग्रवाल सहित शहर के सैकड़ों प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

## भगवान वेंकटेश के रथ को रस्सों से खींचकर की तिरुपति धाम की परिक्रमा

### पूर्णिमा पर दिखी आस्था, निकली सवारी शोभा यात्रा



हिसार। तिरुपति धाम में भगवान वेंकटेश की सवारी शोभा यात्रा में पूजा करते अर्चक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

तिरुपति धाम में पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की अगाध आस्था के देखने को मिली। विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने तिरुपति धाम पहुंचकर अपने इष्ट की आराधना की और भगवान वेंकटेश की सवारी शोभा यात्रा में बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान वेंकटेश के रथ को रस्सों से खींचकर तिरुपति धाम की परिक्रमा करते हुए अपनी श्रद्धा का परिचय दिया।

पूर्णिमा पर पूरे विधि-विधान से अर्चकों ने भगवान वेंकटेश की पूजा व आराधना की और जय तिरुपति बालाजी, जय श्रीमन्ननारायण, जय गोविंदा व जय भगवान वेंकटेश के उदघोष के साथ भगवान वेंकटेश के साथ माता श्रीदेवी व माता भूदेवी को रथ पर स्थापित पालकी में विराजमान किया गया। मंत्रोच्चारण के साथ भगवान वेंकटेश की आराधना करते हुए सवारी शोभा यात्रा शुरू हुई। शोभा यात्रा के उपरांत श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया।

## दायित्व ग्रहण समारोह में राष्ट्र सेवा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत विकास परिषद की केशव शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणवीर सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण के सूत्रों को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में गुजवि के कुलपति नरसीराम बिश्नोई मुख्य अतिथि रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाविप के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव उत्तर क्षेत्र-2 कमलेश गर्ग ने की। इस दौरान जेईटीसी, एसजीएसटी रेंज हिसार कृष्ण कुमार अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे और रामनिवास वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। हिसार नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली विशेष रूप से मौजूद रहे। अनुपमा



अग्रवाल ने केशव शाखा की अध्यक्षा, एडवोकेट अमित जैन ने सचिव व वीरेंद्र लाहौरिया ने वित्त सचिव का दायित्व ग्रहण किया। इनके साथ ही महिला गतिविधि संयोजिका मीनाक्षी शर्मा, गतिविधि संयोजक सेवा विराट अग्रवाल, गतिविधि संयोजक पर्यावरण दीपक गौतम, गतिविधि संयोजक संस्कार प्रमोद गर्ग व गतिविधि संयोजक संपर्क परीक्षित आर्य ने भी शपथ ली।

## थैलेसीमिया मरीजों सहित 105 लोगों के लिए सैंपल

**हिसार।** विश्व थैलेसीमिया दिवस के पखवाड़े के अवसर पर सिविल अस्पताल में ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजैन कैंप लगाया गया। कैंप में 25 थैलेसीमिया मरीजों सहित उनके अभिभावकों को मिलाकर कुल 105 लोगों के सैंपल लिए गए। फोर्टिस अस्पताल गुरुग्राम, सिविल हॉस्पिटल हिसार, थैलेसीमिया वेलफेयर सोसायटी हिसार व थैलेसीमिया वेलफेयर सोसायटी सिरसा के सहयोग से यह कैंप आयोजित हुआ। कैंप में मुख्य रुप से फॉर्टिस हॉस्पिटल गुडगांव से आए डॉ. सुनीशा अरोड़ा, डॉ. भारती, जितेंद्र कौशिक एवं देवेंद्र सचदेवा ने बताया, कि एच.एल.ए. के सफल मिलान से अस्थि मज्जा का प्रत्यारोपण यानि (बोन्नमैरो ट्रांसप्लांट) संभव है जिसके बाद रोगी निरोग जिन्दगी जी सकता है तथा बाद में रक्त चढ़वाने की जरुरत नहीं पड़ती। सिविल हॉस्पिटल हिसार से ब्लड बैंक के प्रमुख



डॉ. सुशील गर्ग, डॉ. अस्मिता सलूजा, डॉ. अजीत लाठर, डॉ. मंजु लाठर, मनोज कौशिक फील्ड काउंसलर थैलेसीमिया डिपार्टमेंट के अलावा थैलेसीमिया वैलफेयर सोसाइटी हिसार से सचिव तनु वर्मा ठकराल, प्रधान प्रतिनिधि सौरभ झंडई, अनिल ठकराल, अमित झांब, तुषार परुथी, तुषार वधवा एवं इसके साथ-साथ थैलेसीमिया वैलफेयर सोसाइटी सिरसा के सचिव जय सिंह फुटेला भी उपस्थित रहे।

### विश्व दुग्ध दिवस पर 'महिला डेयरी किसानों के योगदान का उत्सव' पर समारोह

# डेयरी क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका केवल पशुपालन तक सीमित नहीं : डॉ. पाटिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), के दुग्ध विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के दुग्ध प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से विश्व दुग्ध दिवस-2026 का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व दुग्ध दिवस की वैश्विक थीम 'महिला डेयरी किसानों के योगदान का उत्सव' रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुग्ध विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. शरणगौड़ा बी. पाटिल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (अमूल) के वरिष्ठ अधिकारी संजीव गुलिया उपस्थित



हिसार। विजेताओं को सम्मानित करते अधिकारी।

रहे। मुख्य अतिथि अधिष्ठाता डॉ. शरणगौड़ा बी. पाटिल ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका केवल पशुपालन तक सीमित नहीं है, बल्कि वे दुग्ध उत्पादन, प्रबंधन, विपणन तथा परिवार के पोषण स्तर को सुदृढ़ बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में खुशी एवं मांशू रही प्रथम

*इस अवसर पर विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें डेयरी प्रोफेशनल प्रश्नोत्तरी तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। डेयरी प्रोफेशनल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के सफल संचालन में डॉ. तेजिन्दर एवं डॉ. रचना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता में खुशी एवं मान्शू की टीम ने प्रथम, खुशी मेहरा एवं नरेंद्र की टीम ने द्वितीय तथा स्वप्न एवं पिकनिक की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में खुशी सिहाग ने प्रथम, संजना ने द्वितीय तथा अंकिता एवं पूजा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।*

## मानव जीवन को धर्म एवं भक्ति का मार्ग दिखाती है गीता : गोयल



**हिसार।** जिले के गांव सरसौद स्थित दिव्य देव स्थानम में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर पांच दिवसीय श्रीमद्भगवद्गीता पाठ का आयोजन किया गया। कथा व्यास पंडित गणेश भारद्वाज ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भगवद्गीता के दिव्य उपदेशों का श्रवण कराया। कार्यक्रम में प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। मनोहर लाल ज्ञानी देवी जनकल्याण सोसायटी, सरसौद के प्रधान मदनलाल गोयल ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ एवं श्रवण अत्यंत पुण्यदायी एवं कल्याणकारी माना गया है। गीता मानव जीवन को धर्म, कर्म एवं भक्ति का मार्ग दिखाती है। प्रतिदिन आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर हनुमान गोयल, ललित कुमार गोयल, त्रिलोक चन्द गोयल, महावीर गोयल, कपिस गोयल, विकास गोयल, नवीन गोयल आदि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

## रॉयल स्कूल खारा खेड़ी में शिक्षकों संग अभिभावक ने किया संवाद



**हिसार।** खारा खेड़ी स्थित रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रथम अभिभावक-अध्यापक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, प्रथम आवधिक परीक्षा के परिणाम तथा उनके सर्वांगीण विकास पर अभिभावकों के साथ विस्तृत चर्चा करना रहा। बैठक के दौरान अभिभावकों को विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों से अवगत कराया गया तथा ग्रीष्मकालीन अवकाश हेतु तैयार किया गया गृहकार्य भी प्रदान किया गया। अध्यापकों ने प्रत्येक विद्यार्थी के प्रदर्शन, अध्ययन की आदतों, अनुशासन, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सहभागिता तथा भविष्य में सुधार की संभावनाओं पर अभिभावकों के साथ व्यक्तिगत रूप से संवाद किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह, संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना तथा प्रशासक विक्रमादित्य ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थी की सफलता में विद्यालय और परिवार दोनों की समान भूमिका होती है।

## राजकीय कन्या विद्यायल में समर कैंप में विद्यार्थी ऐतिहासिक स्थलों से हुए रूबरू



**हिसार।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धांसू में चल रहे सात दिवसीय समर कैंप के छठे दिन विद्यार्थियों को इतिहास और भूगोल विषयों की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रकृति के साथ इतिहास और भूगोल के संबंध एवं उनके महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया। राजबीर सिंह, पीजीटी भूगोल ने भौतिक भूगोल के अंतर्गत पर्वतों, नदियों तथा प्राकृतिक संरचनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उनके मानव जीवन पर प्रभाव को समझाया। वहीं सरोज बाला ने विद्यार्थियों को विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों और उनके महत्व से अवगत कराया।

## समर कैंप रंगोत्सव 2026 के दूसरे दिन बच्चों ने प्रकृति को रंगों में उकेरा



**हिसार।** आकार वेलफेयर सोसायटी की ओर से ओपी जिंदल ज्ञान केंद्र में आयोजित तृतीय रंगोत्सव 2026 के दूसरे दिन बच्चों ने प्रकृति को विषय बनाकर अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। प्रातःकालीन सत्र में अेक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न कलाकृतियां तैयार कीं। संस्था के अध्यक्ष सुमित सैनी ने बताया कि रंगोत्सव का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति, कला एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि रंगोत्सव बच्चों को सीखने, सृजन करने और अपने बचपन को खुलकर जीने का अवसर प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह एवं अभिभावकों का सहयोग सराहनीय रहा। उन्होंने बताया कि रंगोत्सव 2026 का आयोजन 7 जून तक ओ.पी. जिंदल ज्ञान केंद्र, हिसार में किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न कला गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

## हिंदू शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी के 5 शूटरों ने किया प्री-स्टेट के लिए क्वालिफाई





**हांसी।** हिंदू शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में क्वालिफाई कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अकादमी के पांच शूटरों ने 10 मीटर एयर पिस्टल एवं एयर राइफल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर अगले चरण में जगह बनाई। दिल्ली स्थित डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में 31 मई को आयोजित प्रतियोगिता में अकादमी की मान्या, चंचल, कार्तिक, अक्षत और सरिता ने उत्कृष्ट निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए प्री-स्टेट के लिए क्वालिफाई किया। अकादमी के शूटिंग कोच अनिल कुमार एवं सतवीर सिंह ने खिलाड़ियों की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के दम पर यह मुकाम हासिल किया है।अकादमी प्रबंधन और अभिभावकों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नॉर्थ इंडिया जू-जित्सु चैंपियनशिप में हिसार टीम का शानदार प्रदर्शन




**हिसार।** गाजियाबाद में आयोजित नॉर्थ इंडिया जू-जित्सु चैंपियनशिप में हिसार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक जीतकर जिले और हरियाणा का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर हिसार जू-जित्सु एसोसिएशन के महासचिव सचिन वर्मा एवं सनी वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में तनुज बेनीवाल (सीनियर -69 कि.ग्रा.) ने ने-वाजा एवं फाइटिंग स्पर्धा में 2 स्वर्ण पदक जीतकर टीम का गौरव बढ़ाया। आकाश कुमार (-85 किग्रा) ने फाइटिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सचिन (अंडर-21, -62 किग्रा) ने ने-वाजा एवं फाइटिंग दोनों वर्गों में कांस्य पदक जीते। सक्षम (अंडर-14, -40 किग्रा) ने ने-वाजा में रजत पदक तथा फाइटिंग में कांस्य पदक हासिल किया। विराज (अंडर-14, +69 कि.ग्रा.) ने ने-वाजा में कांस्य पदक एवं फाइटिंग में रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। रुद्र शर्मा (अंडर-21, -69 कि.ग्रा.) ने ने-वाजा एवं फाइटिंग दोनों स्पर्धाओं में कांस्य पदक प्राप्त किए।

## आज मातृ शक्ति सब सेवा में अग्रणी : बिश्नोई



**हिसार।** जिले के गांव महलसरा में गोशाला में शेड का उद्घाटन करके गोशाला को समर्पित किया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कथावाचिका डॉ. मधु बिश्नोई मुकाम से पहुंची और शेड का उदघाटन किया। शेड निर्माणकर्ता जिला पार्षद प्रतिनिधि पायल वीरसिंह राहड़ इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम अध्यक्षता नवनियुक्त जवाहर नगर सरपंच सलमा ज्याणी ने की। महलसरा सरपंच किरण बाला, ब्लॉक समिति मेंबर दर्शना देवी व भावना भी विशेष रूप से उपस्थित रही। डॉ. मधु बिश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान में मातृशक्ति सेवा में अग्रणी रहती है। इस अवसर पर गोशाला कमेटी प्रधान बलबीर गोदारा, पवन सुथार, गौरव, सुरेश गर्ग, पूर्व सरपंच सुभाष गोदारा, सुरेश बॉक्सर, नरेश शर्मा, राजीव पूनिया आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चारों धाम पार्क में लगाया योग शिविर

**हिसार।** पटेल नगर 8 मरला कॉलोनी में स्थित चारों धाम पार्क में अंतराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रधान चन्द्रभान गांधी की अध्यक्षता में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर वार्ड नम्बर 16 के पार्षद राजेंद्र बिड़लान ने शिविर का शुभारंभ किया। योग शिक्षक जगबीर, शक्ति सिंह ने योग साधकों को एसिडिटी, पेट की चर्बी कम करने अनिद्रा से बचने, घुटनों के दर्द से राहत, कमर दर्द से बचाव, थायराइड जैसे असाध्य रोगों को दूर करने के लिए योग करवाए। इस मौके पर सत्यावंती, तारा शर्मा, प्रधान चन्द्र भान गांधी, ओम प्रकाश मलिक, गोपाल दास मनचंदा, अश्विनी चुघ, अजय खन्ना आदि उपस्थित रहे।

### दिव्यांग केंद्र में 40 लोगों के मुफ्त ऑपरेशन 5 को

**हिसार।** दीप सेवा संस्थान के सहयोग से दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अनुभवी चिकित्सकों ने मरीजों की आंखों की जांच करके उचित परामर्श दिया। इस दौरान 60 लोगों की जांच की गई जिनमें से 40 मरीज आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित मिले। इन मरीजों की आंखों का ऑपरेशन दीप सेवा संस्थान के सहयोग से 5 जून को दिव्यांग केंद्र में निशुल्क किया जाएगा। निशुल्क नेत्र जांच शिविर के दौरान डॉ. डीएस सैनी, रामनिवास अग्रवाल सीए व मांगेराम गुप्ता सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर कार्यक्रम

**आदमपुर।** भारत विकास परिषद की मातृशक्ति द्वारा श्री कृष्ण गोशाला में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जन्मोत्सव एवं विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मातृ शक्ति ने लोकमाता के जीवन, उनके व्यक्तित्व और लोककल्याणकारी कार्यों का स्मरण किया। इस अवसर पर भाविप शाखा अध्यक्ष एडवोकेट अनिल गोयल व सह संयोजक रितु विनोचा ने लोकमाता के आदर्श और समाजसेवा की भावना से सभी को परिचित कराया।

### बच्चे हैलो-हाय छोड़कर बोले राम-राम

**हिसार।** श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर, गली नम्बर 2 जवाहर नगर में ग्रीष्म अवकाश के अवसर पर सोमवार की सायंकाल तरह का दूसरा आध्यात्मिक समर कैम्प शुरु किया गया। शिविर पूरी तरह अध्यात्म पर आधारित है। महीने भर चलने वाले इस शिविर में 5 साल से 12 साल तक के बच्चों को संस्कारों के प्रति जागरुक करते हुए उन्हें पूरी तरह से आध्यात्मिक बातें सिखाई जाएंगी। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि के रुप में पहुंचे शिक्षाविद एचके शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कमल मिगलानी रहे। अतिथियों का स्वागत बच्चों ने तिलक लगाकर व राम-राम बोलकर किया। इस मौके पर मंदिर समिति के प्रधान इन्द्र चंद राठी, हनुमान राठी, केके सेहरा, भगतचंद महता, शंकर दास बजाज, सुरेश जैन, हरबंस लाल, ललित राठी, रमेश सुखीजा, पवन वत्स आदि उपस्थित रहे।

## समाधान शिविर में सुनीं जनसमस्याएं, 14 का मौके पर किया निपटारा

# गांव सदलपुर में पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे, उपायुक्त ने दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर में 14 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। शेष शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। समाधान शिविर में ग्राम पंचायत सदलपुर के निवासियों द्वारा गांव की पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा हटाने व पंचायती जमीन की निशानदेही करवाने की मांग पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने जिला राजस्व अधिकारी को मामले की जांच कर समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। गांव जगान निवासी एक प्रार्थी ने गांव के सरपंच द्वारा गांव की पंचायती जमीन से कई छायादार व फलदार वृक्ष काटे जाने की शिकायत पर जांच के निर्देश दिए। एडीसी शालिनी चेतल, सीटीएम सुभाष चंद्र, डीडीपीओ नरेंद्र कुमार सहित आदि मौजूद रहे।



हिसार। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते उपायुक्त महेंद्र पाल।

### अवैध पशुपालन डायरी को हटवाने की मांग

इसी प्रकार ग्राम पंचायत सिवानी बोलान के निवासियों द्वारा गांव की एक गली पर अवैध कब्जे व निर्माण की शिकायत पर उपायुक्त ने डीडीपीओ को मामले की जांच करने को कहा। नवदीप कॉलोनी के निवासियों ने रिहायसी क्षेत्र में अवैध पशुपालन डायरी को हटवाने की मांग पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने संबंधित विभाग के अधिकारी को मौका मुआयना कर समस्या का समाधान करने की हिदायत दी।



हांसी। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते सीटीएम हिमांशु चौहान।

### पशु अस्पताल की बिल्डिंग को हैंडओवर करने का मामला उठा

**हांसी।** जिला सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में सोमवार को सीटीएम हिमांशु चौहान ने नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना तथा शिविर में प्रस्तुत प्रत्येक समस्या का त्वरित आधार पर समाधान करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। समाधान शिविर में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। समाधान शिविर में सिसाय गांव में बनाए गए पशु अस्पताल को हैंडओवर करने का मामला प्रमुख रूप से उठाया गया।



हिसार। प्रदर्शन करते बसपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## अनिल रेडू मौत मामले में बसपा का प्रदर्शन

- निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन : कृष्ण जमालपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

तलवंडी बादशाहपुर निवासी अनिल रेडू मौत मामले में न्याय दिलाने की मांग पर बसप की ओर से पैदल मार्च कर रोष प्रदर्शन किया गया। क्रांतिमान पार्क से लघु सचिवालय तक निकाले गए इस रोष मार्च में बसपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं, युवाओं, महिलाओं तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने शामिल होकर न्याय की मांग की। इसके उपरांत राज्यपाल के नाम एडीसी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बसपा ने अनिल रेडू मौत मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पीड़ित परिवार को सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता तथा पूरे मामले की न्यायिक निगरानी में जांच कराने की मांग की।

**आंदोलन की चेतावनी**

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बसपा के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने कहा कि अनिल रेडू हत्याकांड केवल एक परिवार की लड़ाई नहीं बल्कि न्याय कानून और संविधान की रक्षा की लड़ाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे मामले में सच्चाई को दबाने और दोषियों को बचाने का प्रयास किया गया है जिससे आम जनता में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि यदि अनिल रेडू हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो बसपा प्रदेशभर में व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगी।

## पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को बैंक बिना किसी देरी के दें लाभ : मेयर

- स्ट्रीट वेंडरों, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों व निगम की सीपीयू शाखा की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत स्ट्रीट वेंडरों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगर निगम कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में मेयर प्रवीण पोपली ने स्ट्रीट वेंडरों, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों तथा नगर निगम की सीपीयू शाखा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ योजना से संबंधित विस्तृत चर्चा की। बैठक में लीड बैंक मैनेजर कमल गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार ने रेहड़ी एवं फड़ी लगाने वाले छोटे व्यापारियों के आर्थिक उत्थान के लिए यह महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या के समाधान के लिए लाभार्थी मेयर कार्यालय, सीपीयू शाखा अथवा संबंधित बैंक से संपर्क कर सकते हैं।



हिसार। बैठक को संबोधित करते मेयर प्रवीण पोपली।

### कमजोरों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

मेयर प्रवीण पोपली ने उपस्थित स्ट्रीट वेंडरों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पहली बार बिना किसी बैंक गारंटी के 15 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। निर्धारित समयावधि में ऋण का भुगतान करने पर लाभार्थी 25 हजार रुपये तक के अगले ऋण के पात्र बन जाते हैं। इसके बाद 25 हजार रुपये के ऋण का समय पर भुगतान करने वाले लाभार्थियों को 50 हजार रुपये तक का ऋण प्राप्त करने का अवसर मिलता है। उन्होंने मौजूद सभी बैंक प्रतिनिधि को बिना किसी देरी के लोन देने के निर्देश दिए।

### सिसाय कालीरावण में पानी की किल्लत सौंपा ज्ञापन

**हांसी।** अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच की सिसाय कालीरावण कमेटी ग्रामीणों ने कार्यकारी अभियंता कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। मंच के पदाधिकारियों ने गांव की कई बस्तियों में पीने के पानी की किल्लत का समाधान किए जाने की मांग को लेकर कार्यकारी अभियंता त्यागी को ज्ञापन सौंपा। मंच ने कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंप तुरंत सप्लाई सुचारु करने की मांग उठाई। मंच के प्रदीप कुमार ने बताया कि हांसी रोड धर्मकांटा के पास स्थित बाल्मीकि बस्ती, नायक बस्ती और रविदास बस्ती पिछले लंबे समय से पानी की भारी किल्लत झेल रही है। बार-बार स्थानीय कर्मचारियों और अधिकारियों को सूचित करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। मंच अध्यक्ष राम अवतार सुलचानी ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तुरंत पानी की सप्लाई बहाल नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर प्रवीण कुमार, रामू, प्रदीप, अजमेर सिंह, कमलेश, संतोष, राजू सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प लिया



हिसार। जल संसद में हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इको क्लब इंचार्ज सुरेश मलिक तथा सोशल क्लब टीम मीनू, मोनिका, सुरेन्द्र गोदारा, किरण, शिवाली, अपूर्वा, सविता, जूही, सीमा शर्मा एवं रोज़ी चावला के मार्गदर्शन में जल संसद का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन छात्र टीम तृप्ति, ललित, सोनम, दिलमन एवं गर्वित द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने आयोजन की संपूर्ण जिम्मेदारी संभालते हुए नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क एवं संगठनात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विद्यार्थियों ने रेनवॉटर हार्वेस्टिंग, ग्राउंडवॉटर रिचार्ज, वॉटर पॉल्यूशन कंट्रोल, जल के न्यायसंगत वितरण एवं सस्टेनेबल वॉटर मैनेजमेंट पर सार्थक सुझाव प्रस्तुत किए तथा जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भरते हुए म्यूजिक क्लब के विद्यार्थियों ने जल संरक्षण पर आधारित एक मधुर एवं प्रेरणादायी समूह गीत प्रस्तुत किया।

### मतदाता सूचियों के विशेष गहन निरीक्षण को लेकर हुई बैठक

**हिसार।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों का विशेष गहन निरीक्षण कार्यक्रम को लेकर सोमवार को विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों से बैठक की गई। बैठक में अनुरोध किया कि सभी बूथों पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें और नियुक्ति उपरान्त बूथ लेवल एजेंट की लिस्ट जिला निर्वाचन कार्यालय भेजने का कष्ट करें। इसके अतिरिक्त आप अपने बूथ लेवल एजेंट को भी विशेष गहन निरीक्षण के बारे में सचेत करें। जिला हिसार में कुल 1333 पोलिंग बूथों में से 1200 से अधिक मतदाताओं वाले बूथों की संख्या 318 है। जिनमे से समायोजन उपरान्त लगभग 138 नयें पोलिंग बूथों को भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार रेशनलाइज किया जाना प्रस्तावित है। निर्वाचन तहसीलदार जगदीप, सहायक स्नेह, भाजपा से कृष्ण बिश्नोई, कांग्रेस से बृज लाल व अनिल बिश्नोई, बीएसपी से नानक देव, जेजेपी से जयप्रकाश व रणधीर सिंह, सीपीआई से दिनेश सिवाच, आईएनएलडी से बलबीर सिहाग आदि उपस्थित रहे।

### कबाड़ बीनना व भीख मांगना छोड़कर लिया सिलाई का प्रशिक्षण

**हिसार।** भीख नहीं किताब दो संस्था ने झुग्गियों में रहने वाली कई लड़कियों को कबाड़ बीनना व भीख मांगना छुड़वाकर सिलाई बुनाई का कार्य सिखाकर समाज को नई प्रेरणा दी है। अब कुछ लड़कियां कबाड़ से कला तक मुहिम के माध्यम से पिछले तीन महीने से कबाड़ बीनना और भीख मांगना छोड़ कर स्वाभिमान प्रशिक्षण केंद्र आर्य नगर में सिलाई बुनाई का प्रशिक्षण ले रही थी। संस्था की संचालक अनु चिनिया ने बताया कि अब ये लड़कियां अच्छी तरह से प्रशिक्षित हो चुकी है। संस्था ने इन लड़कियों को सिलाई मशीनें भेंटकर प्रोत्साहित किया है। अनु चिनिया ने बताया कि पूर्णिमा के उपलक्ष्य में छात्रावास प्रांगण में स्थापित साहिब दरबार में सतगुरु की अमृतमय वाणी का अखंड पाठ का पूर्ण भोग लगाया गया।



हिसार। अभिभावकों के साथ चर्चा करते कर्नल (डॉ0) डीवी नेहरा।

### सैनिक स्कूल खारा खेड़ी में हुई अभिभावक-अध्यापक बैठक

**हिसार।** सैनिक स्कूल खारा खेड़ी में शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रथम अभिभावक-अध्यापक बैठक का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, परीक्षा परिणाम तथा उनके सर्वांगीण विकास पर अभिभावकों के सुझाव आदि पर विस्तृत चर्चा करना रहा। बैठक के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आए अभिभावकों को विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों से अवगत कराया गया तथा ग्रीष्मकालीन अवकाश हेतु तैयार किया गया गृहकार्य भी प्रदान किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह, संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल (डॉo) डीवी नेहरा, प्रशासक विक्रमादित्य ने अपने संदेश में कहा कि अभिभावकों एवं अध्यापकों के बीच नियमित संवाद से बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास को भी नई दिशा मिलती है। अंत में कर्नल नेहरा ने ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश देते हुए मंगलमय यात्रा की कामना करते के लिए अभिभावकों संग छात्रों को घर के लिए विदाई दी।

## रोडवेज कर्मचारियों ने फूंका डिपो महाप्रबंधक का पुतला

- जीएम पर मांगों को अनावश्यक रूप से लटकाने का जड़ा आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

रोडवेज के हिसार डिपो के कर्मचारियों अपनी लंबित मांगे पूरी न किए जाने से नाराज होकर सोमवार को डिपो महाप्रबंधक का पुतला फूंका। कर्मचारियों ने जीएम के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए मांगों को बेवजह लटकाने का आरोप लगाया। हिसार डिपो में सांझा संघर्ष समिति के बैनर तले चल रहा धरना सोमवार को 18वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता जोगेंद्र पंघाल ने की, जबकि संचालन बजरंग लाखा ने किया। महाप्रबंधक का पुतला दहन करते हुए कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं और बार-बार ज्ञापन देने तथा आंदोलन करने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस दौरान सांझा संघर्ष समिति हिसार डिपो के पदाधिकारी अमित जुगलान, शिव कुमार श्योराण, नरेंद्र खरड़, अरुण शर्मा, जितेंद्र शर्मा, अनूप श्योकंद, कर्मवीर मसूदपुर, संदीप जैनावास सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।



डिपो जीएम का पुतला फूंकते रोडवेज कर्मचारी।



हिसार। दीप प्रज्ज्वलित कर योग शिविर का शुभारंभ करते मेयर प्रवीण पोपली व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ शहर और विकसित राष्ट्र की आधारशिलाः मेयर

- टाउन पार्क एवं मधुबन पार्क में पांच दिवसीय योग शिविरों का शुभारंभ

**हिसार।** पतंजलि योग समिति हिसार एवं भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा संचालित योग जागरण अभियान के अंतर्गत शहर के प्रमुख स्थलों टाउन पार्क एवं मधुबन पार्क में पांच दिवसीय निःशुल्क योग विज्ञान शिविरों का शुभारंभ किया गया। टाउन पार्क में आयोजित शिविर का शुभारंभ मेयर प्रवीण पोपली ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं ग्राम गंगवा में भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस शाखा, पतंजलि परिवार एवं ग्राम पंचायत गंगवा के संयुक्त तत्वावधान में योग शिविर का सफल आयोजन जारी रहा। समिति के प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि टाउन पार्क में आयोजित योग शिविर में पतंजलि परिवार हिसार के जिला प्रभारी वीरेन्द्र बड़ाला ने योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। इस मौके पर मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की कला है।

### स्वदेशी जागरण मंच का निःशुल्क मेहंदी प्रशिक्षण कोर्स 6 से शुरू

**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच व स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय मेहंदी प्रशिक्षण कोर्स शुरू किया जाएगा। 6 जून से 20 जून तक चलने वाले मेहंदी प्रशिक्षण कोर्स में डिजाइनर मेहंदी लगाना सिखाया जाएगा। मेहंदी प्रशिक्षण कोर्स के लिए हिसार में 26 प्रशिक्षण केंद्र निर्धारित किए गए हैं। संध्या शर्मा, सोनू गोयल, अन्नु, प्रवीन गांधी, कविता वर्मा व सुमन ऐरन इस कोर्स की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवा रहे हैं। बस स्टैंड के पास ऋषि नगर, आजाद नगर, महावीर कॉलोनी, डीसी कॉलोनी, राजीव नगर, धांसू, पटेल नगर, कृष्णा मंडी, डोगरान मोहल्ला, मॉडल टाउन, खजानचियान बाजार, सुंदर नगर, जवाहर नगर, सेक्टर-15 मार्केट, न्यू राजगुरु मार्केट, विजय नगर, 12 क्वार्टर रोड, सत्या नगर, एमसी कॉलोनी, सेक्टर-14, दीप नगर, तलाकी गेट व सैनियान मोहल्ला में प्रशिक्षण केंद्र बनाए गए हैं।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

**हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार**

**फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005**

### सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा के सूखाग्रस्त बालसमंद क्षेत्र की वर्षों पुरानी नहरी पानी की मांग को लेकर क्षेत्र के लोगों की उम्मीदें एक बार फिर जाग उठी हैं। क्षेत्र के किसानों, ग्रामीणों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल 3 जून को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी से चंडीगढ़ में मुलाकात करेगा। यह जानकारी देते हुए पारस लौरा ने बताया कि इस दौरान क्षेत्र की सिंचाई एवं पेयजल समस्या से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे मंत्री के समक्ष रखे जाएंगे। बालसमंद, बुराक, डोभी, सुंडावास, बंदाहेड़ी, खरिया, सरसाना, बसरा, भिवानी तथा आसपास का क्षेत्र लंबे समय से नहरी पानी की कमी और गिरते भूजल स्तर की समस्या से जूझ रहा है। किसानों का कहना है कि पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध न होने के कारण खेती लगातार महंगी और कठिन होती जा रही है, जबकि कई गांवों में पेयजल संकट गंभीर रूप धारण कर चुका है।

## गुजवि व यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरीशस के मध्य अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग के लिए एमओयू

### वैश्विक पहचान को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं मॉरीशस की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरीशस के मध्य शिक्षा, अनुसंधान, छात्र एवं संकाय आदान-प्रदान तथा जैव प्रौद्योगिकी एवं कृषि विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य विकसित हो रहे शैक्षणिक एवं अनुसंधान संबंधों का परिणाम है। हाल ही में यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरीशस की शोधार्थी स्त्रुती रामप्रोसेंड ने विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाओं में उन्नत आणविक जीवविज्ञान एवं जीन अभिव्यक्ति विश्लेषण से संबंधित शोध कार्य संपन्न किया। इस दौरान उन्होंने सीडीएनए संश्लेषण रियल-टाइम पीसीआर तथा सीआरआईएसपीआर आधारित जीन संपादन जैसी आधुनिक तकनीकों का सफलतापूर्वक उपयोग किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान को सुदृढ़ करने तथा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को विस्तार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस सहयोग के प्रमुख समन्वयक एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. विनोद छोकर ने कहा कि यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरीशस के साथ स्थापित यह साझेदारी शोध क्षमता निर्माण तथा उभरते वैज्ञानिक क्षेत्रों में सहयोग को नई दिशा प्रदान करेगी।



हिसार। एमओयू का आदान-प्रदान करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरीशस की प्रतिनिधि।



हांसी। समर कैंप के दौरान बनाए गए चित्र दिखाते बच्चे।

### बाल भवन में ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ शुभारंभ

**हांसी।** जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा आयोजित एक माह के ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) का सोमवार को उत्साहपूर्ण माहौल में शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन मंडल अधिकारी वजीर सिंह दांगी ने किया। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए दांगी ने कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि यह ग्रीष्मकालीन शिविर 1 जून से 30 जून तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में बच्चों को डांस, मेहंदी, संगीत, ड्राइंग-पेंटिंग, सिलाई-कढ़ाई तथा कंप्यूटर सहित विभिन्न रचनात्मक एवं कौशल विकास संबंधी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।